# सत्य नारायणअग्रवाल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय,कोहका-नेवरा (रायपुर)

दिनांक 09.07.2025

## प्रवेश सूचना - **B.A./B.Com./B.Sc. 1st Semester 2025-26**

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से दिनांक 08.07.2025 को प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों की सूची के आधार पर गुणानुक्रम का निर्धारण करते हुए निम्नानुसार प्रवेश हेतु द्वितीय सूची जारी की जाती है।

चयनित आवेदक अपने ऑनलाईन आवेदन (विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय) की हार्डकॉपी और उसके साथ संलग्न अभिलेखों की मूल और छायाप्रतियों के साथ संबंधित प्रवेश प्रभारियों से निर्धारित कक्ष में संपर्क करें। अभिलेखों की जांच और समिति द्वारा सत्यापन के बाद ही प्रवेश शुल्क ऑनलाईन जमा किया जा सकेगा।

***प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 14.07.2025 है।***

शुल्क जमा होने पर ही प्रवेश मान्य होगा। शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि तक प्रवेश न लेने पर यह चयन स्वयमेव निरस्त हो जायेगा और आवेदक का दावा समाप्त हो जायेगा। इस प्रकार रिक्त रह गये स्थानों के लिए अगली चयन सूची जारी की जायेगी।

चयन समिति के समक्ष दोनों प्रवेश आवेदन (विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय) की हार्डकॉपी, दसवीं और बारहवीं की अंकसूची, जाति प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो), क्रीड़ा, एनएसएस, एनसीसी, दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण–पत्र आदि जिनके आधार पर अधिभार का दावा किया गया हो। (छायाप्रति एवं मूल प्रति), तथा स्थानांतरण प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रति के साथ उपस्थित हों। डुप्लीकेट स्थानांतरण प्रमाण–पत्र के साथ एफ.आई.आर. की कॉपी भी संलग्न करना अनिवार्य है।

अनारक्षित और अनारक्षित महिला श्रेणियों में चयनित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को केवल प्रवेश के लिए जाति प्रमाण–पत्र जमा करना आवश्यक नहीं है क्योंकि उनका चयन अंको के आधार पर हुआ है। किन्तु जाति को प्रमाणित करने के लिए जाति प्रमाण–पत्र जमा किया जाना आवश्यक होगा। अनारक्षित श्रेणी के पुरूष आवेदकों को जाति प्रमाण–पत्र जमा न करने पर केवल शिक्षण शुल्क में छूट का लाभ नहीं मिलेगा, परंतु प्रवेश मिल सकेगा।

जिन श्रेणियों में कोई आवेदक उपलब्ध नहीं था, उन्हें रिक्त रखा गया है। आवेदक उपलब्ध होने पर अगली सूची/सूचियों में उन्हें भरा जा सकेगा।